## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- **मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर राज्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी आज आयेंगी रांची, कांग्रेस– झामुमो ने सरकार को हर मोर्चे पर बताया विफल।**
- **राज्य के अंगीभूत कॉलेजों में नहीं, सिर्फ प्लस टू विद्यालयों में होगा इंटरमीडिएट पढ़ाई के लिए नामांकन, मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित तीन मंत्रियों की कमिटी ने लिया निर्णय।**
- **राज्यभर में आज से 15 अक्तूबर तक बालू खनन पर रोक, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने जारी किया आदेश, अवैध निकासी पर होगी सख्त कार्रवाई।**
- **दिग्गज भारतीय क्रिकेटर झारखंड के महेन्द्र सिंह धोनी आइसीसी के प्रतिष्ठित हॉल ऑफ फेम में शामिल।**

***********************

केन्द्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी रांची आयेंगी। श्रीमती इरानी प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगी और मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियों की जानकारी देंगी। इससे पहले कल रांची में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा कि इन 11 वर्षों में देश की बड़ी आबादी गरीबी से बाहर निकली है।

***********************

इस बीच सांसद आदित्य साहु ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल की सफलता पर जून में पूरे महीने कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर एक नया मानदंड स्थापित किया है।

***********************

इधर, कांग्रेस ने मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल को पूरी तरह से विफल बताया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा के पास गिनवाने के लिए कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है।
झामुमो ने भी मोदी सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। पार्टी के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि महंगाई से लेकर कुटनीतिक मोर्चे तक यह सरकार असफल रही है।

***********************

देश में पिछले एक दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष फीचर प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देते हुए विकास प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं –

***********************

इधर, रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज एक दिवसीय दौरे पर शिमला में रहेंगे। शिमला में श्री सेठ मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां से लोगों को अवगत करायेंगे। वे कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि मोदी सरकार के 11 साल की नीतियों और विकास की गाथा से पूरे देश को अवगत कराया जायेगा।

***********************

राज्य के अंगीभूत डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद किये जाने के बाद राज्य सरकार विकल्प तलाशने में जुटी है। इस मामले में बनी मंत्रियों की तीन सदस्यीय कमिटी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि सरकार राज्य के हजारों छात्रों का शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

***********************

राज्य में सभी नदी घाटों से बालू के उठाव पर रोक लगा दी गयी है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश पर यह रोक 15 अक्तूबर तक रहेगी। यानी इस दौरान राज्य के किसी भी नदी घाट से बालू की निकासी नहीं हो सकेगी। सरकार ने कहा है कि अगर इस दौरान अवैध निकासी की गयी तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान स्टॉक से बालू की बिक्री की जाएगी। वर्तमान में झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड –जेएसएमडीसी के पास 50 लाख क्यूबिक फीट बालू स्टॉक है। यही से आम लोगों को बालू की आपूर्ति की जाएगी।

************************

लोहरदगा जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने व इसके प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

************************

मौसम विभाग ने आज रांची, लोहरदगा और सिंहभूम समेत मध्य और दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

************************

दिग्गज भारतीय क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद्–आईसीसी के प्रतिष्ठित हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कुशल विकेटकीपर महेन्द्र सिंह धोनी इस वर्ष यह सम्मान पाने वाले सात क्रिकेटरों में शामिल हैं। झारखंड के रहने वाले धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय हैं।

************************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने धोनी के हॉल ऑफ फेम में शामिल होने और इंटर में नामांकन को लेकर गठित तीन मंत्रियों की कमिटी की बैठक की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– कांके के चामा, बुकरु और नगड़ी मौजा की जमीन की रजिस्ट्री–म्यूटेशन पर रोक, जांच कमिटी बनायी।

हिन्दुस्तान ने जेपी नड्डा के हवाले से लिखा है– प्रधानमंत्री मोदी ने सियासत की संस्कृति बदली।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– जन मन से मोदी करेंगे 11 साल के सुशासन की परख।

प्रभात खबर के शब्द हैं– सिमडेगा के चर्च में लूटपाट, तीन पादरियों को लाठी से पीटा, घायल।

*******समाप्त***************